राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल ने कहा, यह सम्मान जन–मन की भावनाओं का आदर है

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने तीन हस्तियों को भारत रत्न दिए जाने पर प्रसन्नता जताई

जयपुर, 9 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने किसानों के कल्याण को समर्पित रहे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, आर्थिक विकास के देश के युग प्रवर्तक पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव और हरित क्रांति के जनक रहे एम.एस स्वामीनाथन को भारत रत्न की घोषणा पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण पहल है।

श्री मिश्र ने कहा कि राष्ट्र के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले यह तीनों ही व्यक्तित्व भारत के गौरव हैं। यह सम्मान जनकृमन की भावनाओं का आदर है।

––––––